26 अप्रैल 2026
रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



शिक्षा विभाग पर साइबर गिरोह का हमला : चार दिनों में आधा दर्जन शिक्षकों के मोबाइल-सोशल मीडिया हैक 3



## खबरें फटाफट

### निर्वाचन आयोग की बड़ी कार्रवाई, छह पुलिस अधिकारी निलंबित

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दौरान गंभीर अनियमितता और पक्षपात करने के आरोप में छह पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। निलंबित हुए अधिकारियों में आईपीएस समेत एसडीपीओ और प्रभारी निरीक्षक भी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने संदीप सरकार प्रभारी अधिकारी, हिंगलगंज पुलिस स्टेशन को निलंबित करने के साथ ही तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश जारी किया है। इसके अलावा संदीप गराई (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डायमंड हार्बर), साजल मंडल (एसडीपीओ, डायमंड हार्बर), मौसम चक्रवर्ती (इंस्पेक्टर इंचार्ज, डायमंड हार्बर पुलिस स्टेशन), अजय बाग (इंस्पेक्टर इंचार्ज, फलता पुलिस स्टेशन) और शुभेच्छा बाग (ऑफिसर इंचार्ज, उस्थी पुलिस स्टेशन) को निलंबित करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही संदीप गराई को लेकर गृह मंत्रालय में उनके कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को एक रिपोर्ट भेजने का भी आदेश जारी किया है।


### आईपीएल: में साउथ अफ्रीकी बॉलर एनगिडी को सिर में चोट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कैच लेने की कोशिश में पीछे की ओर गिर पड़े और उनका सिर जोर से जमीन से टकराया। चोट इतनी गंभीर थी कि खेल करीब 15 मिनट तक रुका रहा। चोट के बाद मैदान पर एम्बुलेंस बुलाई गई। इसके बाद एनगिडी को स्ट्रेचर पर ले जाकर एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया और तुरंत अस्पताल रवाना किया गया। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें जल्द डिस्चार्ज किया जाएगा।

## बंगाल चुनाव में परिवर्तन होना तय : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**एजेंसी। दक्षिण 24 परगना**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दलों की तरफ से जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है। इस कड़ी में आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में जनसभा को संबोधित किया है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हुगली में जनसंवाद किया है। इस दौरान दोनों नेताओं ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को विश्वास जताया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान में दो-तिहाई से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में परिवर्तन न केवल संभव है, बल्कि



निश्चित है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले चरण में लगभग 93 फीसदी मतदान से स्पष्ट है कि तृणमूल कांग्रेस सरकार सत्ता से बाहर हो रही है। उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि भाजपा या एनडीए सरकार ही इसकी गारंटी दे सकती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2011 में 84 फीसदी मतदान पर वाम सरकार हटी थी, इस बार 93 फीसदी मतदान टीएमसी सरकार के जाने का संकेत है। उन्होंने ममता बनर्जी की टिप्पणियों को निराशाजनक बताया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने भी ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार तथा तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाया। राज्य में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान हुआ था, जिसकी मतगणना 4 मई को होगी।

### मोदी सरकार ने ममता के खिलाफ नहीं किए केस : राहुल गांधी

हुगली हुगली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने उन पर कई मामले दर्ज किए हैं, लेकिन ममता बनर्जी पर नहीं। उन्होंने दावा किया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि ममता बनर्जी भाजपा से सीधे नहीं लड़ती हैं। गांधी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने उनसे 55 घंटे पूछताछ की, जबकि ममता बनर्जी से कोई पूछताछ नहीं हुई। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल कांग्रेस पार्टी ही भाजपा और आरएसएस की विचारधारा से वैचारिक आधार पर लड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल चुनाव के दौरान ममता बनर्जी पर हमला करते हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि टीएमसी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वही अत्याचार करती है जो भाजपा देश के अन्य हिस्सों में करती है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में भाजपा के लिए रास्ता खोल रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनके खिलाफ 36 मामले दर्ज हैं, उनकी लोकसभा सदस्यता छीनी गई और उन्हें कई राज्यों में यात्रा करनी पड़ती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में उद्योग नष्ट किए और बेरोजगारी बढ़ाई।

## सत्ता से बाहर होंगी ममता, पहले चरण में भाजपा जीतेगी 110 सीटें : अमित शाह

**एजेंसी। पूर्व वर्धमान**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान में एक जनसभा में सत्ताधारी दल टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर करारा हमला बोला है। अमित शाह ने चुनावी रैली में कहा- पहले चरण के मतदान में ही भाजपा 110 सीटें जीतेगी; ममता बनर्जी सत्ता से बाहर हो जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी ने सीएए लागू करने से इनकार कर दिया है और बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाने का वादा किया है ताकि मतुआ समुदाय के सभी लोगों को नागरिकता मिल सके। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में घूमता-घूमता आज मैं जमालपुर में आया हूं। टीएमसी की जगह यहां कमल फूल की सरकार बनेगी, भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आगे कहा, 'ममता सरकार में 15 साल में सबसे ज्यादा संत्रास अगर किसी पर हुआ है तो माताओं-बहनों पर हुआ है। आरजी कर, संदेशखाली, कोलकाता लॉ कॉलेज, दुर्गा लॉ कॉलेज... हर जगह पर माताओं-बहनों के साथ अत्याचार हुआ। और ये दीदी कहती हैं कि माताएं-बहनें सात बजे के बाद घर के बाहर न निकलें, लेकिन मैं बताकर जाता हूं कि 5 तारीख के बाद छोटी बच्ची भी रात को एक बजे निकलेगी और कोई गुंडा आंख उठाकर भी नहीं देख पाएगा।गृह मंत्री ने इस दौरान कहा कि मतुआ समुदाय के लोगों को अब डर में जीने की जरूरत नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास में एवलांच : कई गाड़ियां 8 फीट बर्फ में दबीं, एक ड्राइवर भी फंसा, रेस्क्यू जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास के शैतान नाला क्षेत्र में शनिवार को एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इसकी चपेट में आने से कई वाहन 8 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। एक टैंकर ड्राइवर एवलांच में फंसा हुआ है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमों को मौके पर भेजा गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। टीमें बर्फ हटाने और फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी हैं। पिछले 28 दिनों में जोजिला पास में यह दूसरा एवलांच है। 28 मार्च को हुए एवलांच में 7 लोगों की मौत हो गई थी। शैतान नाला श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे का एक संवेदनशील हिस्सा है, जहां खराब मौसम के दौरान अक्सर एवलांच की घटनाएं होती रहती हैं।जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। हादसे में 7 लोगों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क से मलबा और बर्फ हटाने का काम जारी है।जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार जारी बर्फबारी से मंगलवार रात एवलांच (हिमस्खलन) आया। एवलांच में फिलहाल किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है। कई होटलों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ।देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44त्उ के पार जा चुका है। दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 42.8त्उ तक पहुंच गया। यह इस साल का सबसे गर्म दिन रहा।

### सेना और एनडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी

रेस्क्यू ऑपरेशन में भारतीय सेना के जवान, स्थानीय पुलिस बल और प्रशासन की टीमें लगी हुई हैं. ठऊत्थ्र की टीम भी पहुंच चुकी है. जोजिला दर्रे की अत्यधिक ऊंचाई, भीषण ठंड, बर्फीली तूफान और लगातार होती बर्फबारी रेस्क्यू टीम के काफी परेशानी खड़ी कर रहा है।

### अधिकारियों ने दी हादसे की जानकारी

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर के समय जोजिला में जीरो पॉइंट के पास एक बड़ा हिमस्खलन हुआ, जिससे कई यात्री और वाहन बर्फ के नीचे दब गए. सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची. पता चला कि करीब तीन से चार वाहन फंसे हुए हैं. शाम तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल 12 लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें 7 की मौत हो चुकी थी, जबकि 5 घायल हैं. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## भीषण गर्मी का कहर लेकर आ रहा अल-नीनो, मई से दिखने लगेगा असर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने चेतावनी दी है कि एल नीनो की स्थिति मई से जुलाई के बीच विकसित हो सकती है, जिससे भारत समेत दक्षिण एशिया में मौसम पर बड़ा असर पड़ेगा। पहले अनुमान था कि यह स्थिति मानसून के दूसरे हिस्से (अगस्त-सितंबर) में बनेगी, लेकिन अब इसके जल्दी आने की संभावना जताई गई है।एल नीनो एक ऐसी जलवायु स्थिति है, जो हर 2 से 7 साल में आती है और करीब 9 से 12 महीने तक रहती है। इसके कारण दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तापमान और बारिश के पैटर्न बदल जाते हैं और आमतौर पर वैश्विक तापमान बढ़ता है। भारत




मौसम विज्ञान विभाग पहले ही इस साल सामान्य से कम बारिश का अनुमान दे चुका है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे अगले महीने एल नीनो की स्थिति बनने के संकेत मिल रहे हैं।डब्ल्यूएमओ ने कहा है कि मई-जून-जुलाई के दौरान जमीन का तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। यानी लगभग हर जगह ज्यादा गर्मी पड़ सकती है। संस्था का मानना है कि ऐसे मौसम पूवार्नुमान कृषि, जल प्रबंधन, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के लिए बेहद जरूरी होते हैं, ताकि समय रहते तैयारी की जा सके। डब्ल्यूएमओ के जलवायु पूवार्नुमान प्रमुख विलफ्रान मौफूमा ओकिया ने कहा कि साल की शुरूआत में तटस्थ स्थिति थी, लेकिन अब सभी मॉडल एल नीनो बनने की पुष्टि कर रहे हैं और आने वाले महीनों में इसके और मजबूत होने की संभावना है।रिपोर्ट के अनुसार, हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में इस साल बर्फ की मात्रा सामान्य से 27.8% कम रही है, जो पिछले 20 सालों में सबसे कम है।

## बैरियर फ्री होंगे टोल प्लाजा, बिना रुके ही कटेगा वाहनों का टैक्स: गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश भर के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना किसी रुकावट के बैरियर-फ्री टोलिंग व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट और अवाड्र्स 2026 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए भारत को बेहतर बुनियादी ढांचा विकसित करना होगा। गडकरी ने कहा, 'हम दिसंबर तक देश भर के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई बाधारहित टोलिंग सिस्टम लगाने की योजना बना रहे हैं।'यह नया सिस्टम एकीकृत तकनीकों का उपयोग करके बैरियर-फ्री टोलिंग की सुविधा प्रदान करता है, जिसमें अक एनालिटिक्स के साथ ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन और इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन शामिल हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि लॉजिस्टिक्स की लागत अमेरिका में 12 प्रतिशत, यूरोपीय देशों में 12 प्रतिशत और चीन में 8-10 प्रतिशत है। पश्चिम एशिया संकट का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत अपनी तेल की 87 फीसदी जरूरत पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर है।उन्होंने कहा, "हम 22 लाख करोड़ रुपये के फॉसिल फ्यूल (जीवाश्म ईंधन) आयात करते हैं, जिससे प्रदूषण भी हो रहा है। इसलिए हमें वैकल्पिक फ्यूल और बायो-फ्यूल का उत्पादन बढ़ाने पर काम करने की जरूरत है। यह देखते हुए कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है गडकरी ने कहा कि हाइड्रोजन फ्यूल स्टेशन चलाने की लागत को कम करने की जरूरत है ताकि यह आर्थिक रूप से फायदेमंद बन सके। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है।






## 27 एजेंसियों से रोजाना वितरण जारी, 1235 शिकायतों में 1184 का निपटारा, शादी-ब्याह के लिए वाणिज्यिक गैस की अलग व्यवस्था

# बक्सर में गैस आपूर्ति पर प्रशासन की सख्ती, कालाबाजारी पर शिकंजा



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में रसोई गैस की उपलब्धता बनाए रखने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इनमें इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां शामिल हैं। जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। इंडियन ऑयल के 2 लाख 2 हजार 360, भारत पेट्रोलियम के 57 हजार 517 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90 हजार 668 उपभोक्ता हैं। 13 मार्च से 24 अप्रैल तक कुल 2 लाख 148 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है। वहीं 24 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 5 हजार 216 सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध था।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जिले में प्रतिदिन औसत मांग 6 हजार 419 सिलेंडर है, जबकि औसत आपूर्ति 5 हजार 539 सिलेंडर प्रतिदिन हो रही है। फिलहाल 24 हजार 561 रिफिल बुकिंग लंबित हैं, जिससे लगभग साढ़े चार दिन का दबाव बना हुआ है। गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए शहरी उपभोक्ताओं को अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद नया सिलेंडर बुक कराने की अनुमति दी गई है। प्रशासन ने साफ कहा है कि निर्धारित अंतराल पर केवल घर-घर पहुंच सेवा के माध्यम से ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। जिले के वरीय अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारियों तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा लगातार गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। अब तक कालाबाजारी के मामले में बक्सर सदर अनुमंडल में दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। 24 अप्रैल को नौ गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी किया गया।

जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्या के लिए लोग दूरभाष संख्या 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। अब तक 1235 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 1184 मामलों का निपटारा कर दिया गया है, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है।

शादी-विवाह और श्राद्ध कार्यक्रमों के लिए वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की अलग व्यवस्था की गई है। संबंधित परिवार को शादी का कार्ड संलग्न कर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। जरूरत और अनुमानित मेहमानों की संख्या के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक बक्सर अनुमंडल में 337 और डुमरांव अनुमंडल में 306 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि गैस आपूर्ति को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है।

## व्हाट्सऐप पर स्कैनर भेजकर मांगे जा रहे रुपये, शिक्षकों से लेकर परिचितों तक को बना रहे निशाना

# शिक्षा विभाग पर साइबर गिरोह का हमला : चार दिनों में आधा दर्जन शिक्षकों के मोबाइल-सोशल मीडिया हैक




**केटी न्यूज/बक्सर**

अक्सर चर्चा में रहने वाला बक्सर का शिक्षा विभाग इन दिनों साइबर अपराधियों के निशाने पर है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों, सहायक शिक्षकों और सेवानिवृत्त शिक्षाकर्मियों के मोबाइल फोन, जीमेल और सोशल मीडिया अकाउंट लगातार हैक किए जा रहे हैं। हैकर पीड़ितों के व्हाट्सऐप अकाउंट का इस्तेमाल कर उनके मोबाइल में सेव नंबरों पर मैसेज भेज रहे हैं और स्कैनर या क्यूआर कोड भेजकर रुपये की मांग कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले चार दिनों में ही आधा दर्जन से अधिक शिक्षक इस साइबर गिरोह का शिकार हो चुके हैं। इससे शिक्षा विभाग में दहशत का माहौल है, जबकि शिक्षक वर्ग अब अपने परिचितों को सतर्क रहने की अपील कर रहे है।

**22 अप्रैल से शुरू हुआ हैकिंग का सिलसिला :** जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल को डुमरांव राज हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र का मोबाइल हैक हुआ। उन्होंने इस मामले की शिकायत बक्सर साइबर थाना में दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस जांच आगे बढ़ती, उससे पहले ही जिले के कई अन्य शिक्षकों को भी अपराधियों ने निशाना बना लिया। सूत्रों के मुताबिक, अनुराग मिश्र से पहले बक्सर माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक नेता और एमएलसी प्रतिनिधि ब्रजेश राय भी हैकिंग का शिकार हो चुके हैं। इसके बाद शुक्रवार को डुमरांव प्रखंड के मध्य विद्यालय अरियांव के प्रभारी प्रधानाध्यापक मधुसूदन ओझा, सिमरी प्रखंड के बड़का ढकाईच हाई स्कूल के शिक्षक दीपक कुमार को निशाना बनाया गया। शनिवार को मुंगाव हाई स्कूल के अजीम सर, शिक्षिका शांभवी कुमारी, सिमरी हाई स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा ओझा तथा डुमरांव के महारानी उषारानी बालिका प्लस टू विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षाकर्मी तेज नारायण पांडेय भी साइबर जाल में फंस गए।

### बचाव के जरूरी उपाय

किसी अनजान कॉलर पर तुरंत भरोसा न करें। ह्लर*#21र#, ह्ल*401र# या किसी भी कोड को बिना जानकारी डायल न करें। व्हाट्सऐप पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखें। किसी परिचित से रुपये मांगने वाला मैसेज आए तो पहले फोन कर पुष्टि करें। हैकिंग होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाना से संपर्क करें। बक्सर में लगातार शिक्षकों को निशाना बनाया जाना इस बात का संकेत है कि साइबर गिरोह अब पढ़े-लिखे और भरोसेमंद वर्ग को भी टारगेट कर रहा है। ऐसे में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

### व्हाट्सऐप से मांग रहे पैसे

हैकर पहले पीड़ित का व्हाट्सऐप कब्जे में लेते हैं, फिर संपर्क सूची में मौजूद लोगों को मैसेज भेजते हैं। कभी बीमारी, कभी इमरजेंसी और कभी फंसे होने का बहाना बनाकर रुपये मांगते हैं। कई लोग परिचित समझकर पैसा भेज भी चुके हैं।

### ऐसे फंसाते हैं साइबर अपराधी


पीड़ित प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्र ने बताया कि 22 अप्रैल की दोपहर करीब दो बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को शिक्षा विभाग से जुड़ा व्यक्ति बताते हुए कहा कि ह्लआपका जरूरी कागजात आया है, लेकिन लाने वाला व्यक्ति आपका स्कूल नहीं खोज पा रहा है। वह राजगढ़ के पास खड़ा है, आप इस नंबर पर बात कर लोकेशन बता दीजिए। विश्वास में लेकर कॉलर ने उनसे कुछ नंबर डायल करवाए। जैसे ही उन्होंने नंबर डायल किया, उनका मोबाइल नियंत्रण से बाहर हो गया और कुछ ही देर में व्हाट्सऐप व अन्य अकाउंट हैक हो गए। इसके बाद उनके संपर्क में मौजूद लोगों से रुपये मांगने का सिलसिला शुरू हो गया।

### क्या कहती है पुलिस

इस मामले में बक्सर साइबर थाना प्रभारी सह डीएसपी अविनाश कश्यप ने बताया कि जो शिकायतें मिल रही हैं, उनकी गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात व्यक्ति के कहने पर कोई कोड डायल न करें और ओटीपी या निजी जानकारी साझा न करें।

## एक नजर

### भीषण तपिश से दहका केसठ आग उगलते आसमान से जनजीवन बेहाल, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। आसमान से बरसती तपिश और तेज पछुआ हवाओं ने इलाके को मानो भट्ठी में बदल दिया है। सुबह होते ही लू के थपेड़े शुरू हो जाते हैं, जिससे लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। इसका असर न सिर्फ आम लोगों पर बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ देखने को मिल रहा है।दोपहर के समय केसठ बाजार और प्रमुख सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी गमछा या कपड़े से चेहरा ढंककर ही निकल रहे हैं। गर्मी के कारण बाजारों में भीड़ कम हो गई है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन इतनी गर्म हो गई है कि नंगे पैर चलना मुश्किल हो गया है।भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा असर मूक पशु-पक्षियों पर पड़ा है। जलस्रोत सूखने के कारण पक्षी पानी के लिए भटक रहे हैं।पशुपालकों को अपने मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है। चापाकलों के सूखने से पशुओं को पानी पिलाने में कठिनाई हो रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। गर्मी के कारण पशुओं में बीमारी और दूध उत्पादन में कमी की समस्या भी सामने आ रही है। खेतों और हरियाली पर भी इस तपिश का असर दिखने लगा है। तेज गर्म हवाओं के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं और खेतों में काम करने वाले मजदूरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक बुजुर्ग ग्रामीण बताते हैं कि ऐसी गर्मी पहले कभी नहीं देखी। आदमी तो किसी तरह पानी पी लेता है, लेकिन बेजुबान जानवरों के लिए स्थिति काफी खराब है। पशुओं के लिए जगह-जगह पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने कहा है कि दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं और पशुओं को छायादार स्थान पर रखकर समय-समय पर पानी पिलाएं।

## चौगाई पहुंचे जगदीशपुर विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**चौगाई।** चौगाई प्रखंड के छोटकाडीह गांव में शनिवार को आयोजित एक निजी कार्यक्रम राजनीतिक संवाद का केंद्र बन गया, जब जगदीशपुर विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा वहां पहुंचे। विधायक के आगमन पर ग्रामीणों, समर्थकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस दौरान विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए लगातार काम कर रही है और विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और बिहार में विकास की नई दिशा तय हुई है। सरकार की नीतियों से आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है, जिससे लोगों का भरोसा लगातार बढ़ा है। विधायक ने दावा किया कि आगामी चुनावों में भी जनता विकास और सुशासन के पक्ष में अपना समर्थन देगी। विधायक ने विभिन्न राज्यों के चुनावी माहौल का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में एनडीए के प्रति सकारात्मक वातावरण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कई राज्यों में एनडीए को मजबूत जनसमर्थन मिलेगा। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य लालबहादुर महतो, सतेंद्र कुशवाहा, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ गुड्डु सिंह कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, राहुल मेहता, आदर्श मौर्या, पंकज कुशवाहा, विशेश्वर महतो, नीतीश कुशवाहा, निप्पू सिंह, देवलाल सिंह, पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, काजू मेहता और सुभाष महतो समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में विधायक ने क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा दिलाया और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## बिना पूर्व सूचना फाटक बंद होने पर यात्रियों में नाराजगी, रेलयात्री कल्याण समिति ने उठाई आवाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर रेल मंडल क्षेत्र में बिना पूर्व सूचना समपार फाटक बंद किए जाने और विभिन्न तकनीकी कार्यों के चलते ट्रेनों के परिचालन में हो रही बाधाओं पर रेलयात्रियों तथा स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस मुद्दे को लेकर शनिवार को रेलयात्री कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रेल प्रशासन से पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक दानापुर, वरीय परिचालन प्रबंधक तथा जनसंपर्क पदाधिकारी से कहा कि मंडल क्षेत्र में जहां भी ब्लॉक कार्य, मरम्मत या समपार फाटक बंदी जैसी स्थिति उत्पन्न हो, उसकी सूचना समय रहते यात्रियों और आम जनता तक पहुंचाई जाए। उनका कहना था कि अचानक फाटक बंद होने या ट्रेनों के परिचालन प्रभावित होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

समिति के अनुसार वर्तमान समय में मांगलिक कार्यक्रमों का मौसम चल रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग शादी-विवाह, तिलक, गृहप्रवेश, मुंडन समेत अन्य सामाजिक आयोजनों में आने-जाने के लिए सड़क और रेल मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे समय बिना सूचना फाटक बंद होने से लोगों की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

शनिवार को जमानियां स्टेशन के समीप समपार फाटक संख्या 90सी/1ई के घंटों बंद रहने से आसपास के गांवों के लोगों को काफी कठिनाई झेलनी पड़ी। भीषण गर्मी के बीच लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी लेनी चाही, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

बाद में इस संबंध में सहायक परिचालन पदाधिकारी अजीत कुमार से शिकायत की गई। उन्होंने मामले की जानकारी लेते हुए आगे ऐसी स्थिति में सुधार का आश्वासन दिया।

रेलयात्री कल्याण समिति ने कहा कि रेल प्रशासन को जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सूचना तंत्र को मजबूत करना चाहिए, ताकि यात्रियों और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके। इस मांग का समर्थन करने वालों में ओमप्रकाश सिंह, बीजेन्द्र सिंह यादव, शैलेश कुमार ओझा, कामेन्द्र सिंह, मिथिलेश सिंह, मोहन गुप्ता, इमरान खान, वीरेंद्र ओझा, भुवर सिद्दीकी, उमेश प्रसाद तथा शंभु चंद्रवंशी समेत कई लोग शामिल हैं।




## भीषण गर्मी में बिजली विभाग की तत्परता पुराना भोजपुर में 8 घंटे में बहाल हुई आपूर्ति

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भीषण गर्मी के बीच पुराना भोजपुर के लोगों को उस समय राहत मिली, जब बिजली विभाग ने खराब पड़े ट्रांसफार्मर को महज आठ घंटे में बदलकर इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। नया भोजपुर प्रशाखा अंतर्गत चौक स्थित स्टेशन रोड में लगे 200 केवीए ट्रांसफार्मर में अचानक गंभीर तकनीकी खराबी आ जाने से पूरे क्षेत्र में बिजली संकट उत्पन्न हो गया था। शनिवार को आई इस खराबी के कारण इलाके के कई घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। गर्मी के इस दौर में बिजली कटने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूचना मिलते ही बिजली कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में कर्मियों ने खराबी को मौके पर ही ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि ट्रांसफार्मर में बड़ा फॉल्ट है, जिसे तत्काल दुरुस्त करना संभव नहीं है। इसके बाद विभाग ने बिना देर किए नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया।

नया भोजपुर के प्रभारी कनीय अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने तेजी से काम शुरू किया। आवश्यक संसाधन जुटाकर पुराने ट्रांसफार्मर को हटाया गया और उसकी जगह नया 200 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। लगातार मेहनत के बाद मात्र आठ घंटे में बिजली आपूर्ति पुनः चालू कर दी गई। बिजली बहाल होते ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। उपभोक्ताओं ने विभाग की त्वरित कार्रवाई और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की। लोगों ने कहा कि यदि इसी तरह समस्याओं का समय पर समाधान होता रहा तो उपभोक्ताओं को काफी सुविधा मिलेगी। प्रभारी जेई शैलेश कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बनाए रखना विभाग की प्राथमिकता है। किसी भी क्षेत्र में खराबी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि बिजली संबंधी समस्या होने पर तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके।






## बक्सर की बेटियों ने रचा इतिहास : राष्ट्रीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में साक्षी-सलोनी चमकी

- एक ही परिवार से प्रशासनिक सेवा और शिक्षा में नया कीर्तिमान
- तीसरा और पांचवां स्थान हासिल कर बहनों ने बढ़ाया जिले का मान, भाई पहले ही बन चुका है प्रशासनिक अधिकारी








**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर की धरती ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मित्रलोक कॉलोनी निवासी बजरंगी मिश्रा के परिवार ने शिक्षा और सफलता की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है। उनकी दोनों बेटियों साक्षी मिश्रा और सलोनी मिश्रा ने राष्ट्रीय संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (स्नातकोत्तर) में देशभर में शीर्ष पांच स्थानों में जगह बनाकर बक्सर का नाम रोशन कर दिया है। बड़ी बेटी साक्षी मिश्रा ने पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वह इस समय दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तर परिसर स्थित दौलत राम महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन ने उन्हें यह गौरव दिलाया है। वहीं छोटी बेटी सलोनी मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल कर परिवार की खुशियों को दोगुना कर दिया है। सलोनी दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित रामजस महाविद्यालय की छात्रा हैं। उनकी यह सफलता इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि वह पहले भी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बारहवीं परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। उस समय उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया था। दोनों बहनों की इस शानदार उपलब्धि के बाद मित्रलोक कॉलोनी समेत पूरे बक्सर जिले में खुशी का माहौल है। रिश्तेदार, मित्र, शिक्षक और शुभचिंतक लगातार परिवार को बधाई दे रहे हैं। लोग इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बता रहे हैं। पिता बजरंगी मिश्रा ने बेटियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों बेटियों का सपना संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश सेवा करना है। उन्होंने कहा कि बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर और सही मार्गदर्शन मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। इस परिवार की उपलब्धियां केवल यहीं तक सीमित नहीं हैं। परिवार के होनहार पुत्र हेमंत मिश्रा ने भी वर्ष 2024 की संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में पहले ही प्रयास में 13वां स्थान प्राप्त कर प्रशासनिक अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया था। उन्हें उत्तर प्रदेश संवर्ग मिला है। एक ही परिवार से शिक्षा और प्रशासनिक सेवा में लगातार मिल रही सफलताओं ने पूरे बक्सर को गौरवान्वित कर दिया है। यह परिवार आज युवाओं के लिए प्रेरणा और मेहनत का प्रतीक बन गया है।

# जनगणना 2027 में लापरवाही पर डीएम सख्त, कई अधिकारियों से जवाब-तलब, आईटी प्रबंधक का वेतन



- 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत स्वगणना का लक्ष्य, अनुपस्थित और उदासीन अफसरों पर कड़ी कार्रवाई के संकेत

**केटी न्यूज/बक्सर**

जनगणना 2027 जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी साहिला ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने साफ शब्दों में कहा कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित रहने, रुचि नहीं लेने और कार्य में सुस्ती दिखाने वाले कई अधिकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया गया।

बैठक के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस बक्सर, जिला परियोजना पदाधिकारी जीविका तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित पदाधिकारियों की अनुपस्थिति और कार्य के प्रति उदासीनता पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। इन सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीएम ने कहा कि जब जिला स्तर के अधिकारी ही जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तो निचले स्तर पर कार्य की गति प्रभावित होगी।

सबसे कड़ी कार्रवाई आईटी प्रबंधक बक्सर पर हुई। बिना अनुमति अनुपस्थित रहने और कार्य में अभिरुचि नहीं लेने के कारण जिलाधिकारी ने उनसे स्पष्टीकरण मांगते हुए अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक गलियारों में इस फैसले को कड़ा संदेश माना जा रहा है कि जनगणना कार्य में अब लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है।

बैठक में प्रबंधक रोजगार जीविका को अविलंब स्वगणना से संबंधित डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि आंकड़ों के अभाव में किसी भी योजना की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्वगणना अभियान को तेज करने का आदेश दिया।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सहकारिता, कल्याण, उद्योग समेत अन्य सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर स्वगणना कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि हर विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करे और तय समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करे।

डीएम ने 30 अप्रैल तक स्वगणना कार्य पूरा कर प्रमाण पत्र जिला जनगणना कोषांग में जमा कराने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समयसीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में विभागवार प्रगति की रोजाना समीक्षा भी की जा सकती है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चार्ज अधिकारियों की सराहना भी की। जियो टैगिंग और सीमांकन के कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि इसी तरह जिम्मेदारी से काम किया जाए तो जिले में जनगणना अभियान समय पर और सफलतापूर्वक पूरा होगा।

डीएम साहिला ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और सामाजिक विकास की दिशा तय करते हैं। इसलिए हर अधिकारी इसे प्राथमिकता के साथ लें।

बैठक के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जनगणना कार्य में लापरवाही करने वाले और अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। जिलाधिकारी के सख्त तेवर से साफ है कि बक्सर में जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन अब पूरी गंभीरता के साथ मैदान में उतर चुका है।

## एक नजर

### दीवानगंज इलाके को मिलेगी राहत : तीसरे ट्रांसफार्मर से सुधरेगी बिजली व्यवस्था, रविवार सुबह रहेगी आपूर्ति बाधित

**डुमरांव।** डुमरांव नगर क्षेत्र के नया थाना के पीछे स्थित दीवानगंज हरिजी के हाता इलाके में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। लंबे समय से ओवरलोड और बार-बार फॉल्ट की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब राहत मिलने की उम्मीद है। इसी उद्देश्य से रविवार को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार क्षेत्र में पहले से दो ट्रांसफार्मर कार्यरत थे, लेकिन आबादी बढ़ने और उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा होने के कारण दोनों ट्रांसफार्मरों पर जरूरत से अधिक भार पड़ रहा था। इसके चलते बिजली ट्रिपिंग, फ्यूज उड़ने और तकनीकी खराबी की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। कनीय विद्युत अभियंता मो. इम्तियाज ने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए नहर के पास तीसरा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। अब तीनों ट्रांसफार्मरों पर लोड को बराबर बांटने की प्रक्रिया की जाएगी, जिससे किसी एक ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि रविवार को निर्धारित समय के दौरान लोड शिफ्टिंग का कार्य पूरा किया जाएगा। इस कार्य के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति पहले से अधिक स्थिर और सुचारू होने की संभावना है। साथ ही, बार-बार होने वाली तकनीकी खराबियों में भी काफी कमी आएगी।विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें और सहयोग करें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि काम समय पर पूरा कर जल्द बिजली बहाल कर दी जाएगी।

### सिमरी में अटल स्मृति समारोह, नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा और संस्कार का संदेश



**सिमरी।** प्रखंड के विष्णु दीपन संस्कृत प्राथमिक सह मध्य बालक-बालिका विद्यालय, सिमरी परिसर में शनिवार को ग्राम गौरव संस्थान के तत्वावधान में अटल स्मृति समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक, छात्र-छात्राएं और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। पूरे परिसर में उत्साह और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। समारोह की अध्यक्षता चंद्रभूषण उर्फ बलिराम पांडे ने की, जबकि मंच संचालन विक्की तिवारी एवं हरेंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के नागेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. स्वामीनाथ तिवारी, जेएनयू अध्यक्ष सुनील राय, सिमरी पश्चिम के जिला पार्षद प्रत्याशी पंकज सिंह तथा मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार पांडे शामिल रहे। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक एवं समाजसेवी स्वर्गीय भीमसेन पांडे की आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिथियों का स्वागत दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडे, ए. राकेश पांडे, तिलकधारी पांडे तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला देकर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र और प्रेरणादायी चित्र भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। अपने संबोधन में वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि आज की नई पीढ़ी को अटल जी के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज व देश के लिए कार्य करना चाहिए। मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि वर्ष 1982 में अटल बिहारी वाजपेयी सिमरी आए थे और यहां श्रीरामचंद्र संस्कृत विद्यालय, सिमरी रामोपट्टी में स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उस दौरान उन्होंने शिक्षा, संस्कार और किसान हित की बात कही थी, जो आज भी प्रासंगिक है। समारोह का समापन राष्ट्रगीत और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन की सफलता को लेकर क्षेत्रवासियों ने ग्राम गौरव संस्थान की सराहना की।

## अरियांव हत्याकांड : पुलिस दबाव बढ़ा तो मुख्य आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर, दूसरा अब भी फरार

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

अरियांव गांव में युवती श्वेता कुमारी हत्याकांड मामले में पुलिस की लगातार दबिश के बाद मुख्य आरोपी प्रवीण उपाध्याय उर्फ धनु उपाध्याय ने शनिवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। बढ़ते दबाव के बीच आरोपी ने आखिरकार कोर्ट की शरण ली।

जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल की दोपहर गांव निवासी बब्लू उपाध्याय के घर पर एक युवक पहुंचा और दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज दी। जैसे ही उनकी करीब 18 वर्षीय पुत्री श्वेता कुमारी ने दरवाजा खोला, हमलावर ने पिस्टल से ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली लगते ही युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी, जबकि आरोपी फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी के घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने वहां से पिस्टल के नौ जिंदा कारतूस बरामद किए। मामले में आरोपी के पिता प्रभन्स उपाध्याय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में एक अन्य आरोपी प्रकाश उपाध्याय उर्फ सोनू उपाध्याय अब भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी ने पुलिस दबाव के कारण शनिवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। फरार दूसरे आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अरियांव हत्याकांड को लेकर ग्रामीणों में अब भी आक्रोश है। लोग पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## झुग्गी-झोपड़ियों में अगलगी रोकने को विशेष अभियान, डुमरांव अग्निशमन विभाग ने किया मॉक ड्रिल

- गर्मी के मौसम में सतर्कता बरतने की अपील, ग्रामीण इलाकों में भी पहुंची टीम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

गर्मी के मौसम में बढ़ते अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए शनिवार को डुमरांव अग्निशमालय क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान झुग्गी-झोपड़ियों एवं आग प्रभावित होने वाले इलाकों में मॉक ड्रिल आयोजित कर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए गए। अभियान का उद्देश्य गर्मी के दिनों में होने वाली अगलगी की घटनाओं को रोकना तथा लोगों को समय रहते सतर्क करना था। अग्निशमन विभाग की टीम ने डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों एवं बस्तीवासियों को आग लगने की स्थिति में तुरंत क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी दी। साथ ही घरेलू स्तर पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया गया। विभाग की टीम ने बताया कि गर्मी के दिनों में तेज हवा, सूखी घास-फूस, बिजली की अनियमित वायरिंग, चूल्हे की चिंगारी तथा लापरवाही के कारण झुग्गी-झोपड़ियों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ जाती हैं। इस विशेष अभियान के तहत ब्रह्मपुर के मुशहर टोली, सिमरी के दियारा क्षेत्र, डुमरांव की अनुसूचित जाति बस्ती, सोनवर्षा समेत अन्य संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर वहां मॉक ड्रिल कराया गया। टीम ने लोगों को बाल्टी, मिट्टी, पानी, रेत एवं प्राथमिक संसाधनों से आग बुझाने के प्रारंभिक तरीके बताए। साथ ही आग लगने पर अफरा-तफरी नहीं मचाने, बच्चों और बुजुर्गों को पहले सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई। डुमरांव अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए सभी लोग सजग रहें और विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में चूल्हा, गैस सिलेंडर, बिजली तार एवं जलती सामग्री को लेकर सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि आग लगने से पहले ही लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि जान-माल की क्षति रोकी जा सके।

शिखा कुमारी ने आगे कहा कि अग्निशमन विभाग लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों को प्रशिक्षित कर रहा है। आने वाले दिनों में भी ऐसे मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि आग लगने की किसी भी घटना को छिपाएं नहीं, बल्कि तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

स्थानीय लोगों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ेगी और हादसों को काफी हद तक रोका जा सकेगा।

## रावण बोलेगा अपना पक्ष : सदियों पुरानी मान्यताओं को चुनौती देगी नई फिल्म

- डॉ. अनुपम ओझा की चर्चित कृति से प्रेरित कहानी, निर्देशक अभिनव ठाकुर करेंगे नए विमर्श की प्रस्तुति



**केटी न्यूज/डुमरांव**

भारतीय सिनेमा में जहां अधिकतर पुरानी और स्थापित कथाओं को बार-बार दोहराया जाता रहा है, वहीं अब एक ऐसी फिल्म आने जा रही है जो सदियों पुरानी मान्यताओं को नए दृष्टिकोण से परखने का साहस कर रही है। फिल्म ह्यरावण स्पीक्सह्न का पहला दृश्य पोस्टर मुंबई में आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन बेगूसराय निवासी युवा निर्देशक अभिनव ठाकुर कर रहे हैं। निर्देशक अभिनव ठाकुर ने बताया कि यह फिल्म दर्शकों के साथ एक गंभीर संवाद स्थापित करेगी और सही-गलत, न्याय-अन्याय तथा नैतिकता के प्रश्नों पर सोचने को प्रेरित करेगी। यह फिल्म रामा इंटरप्राइजेज के बैनर तले बन रही है, जबकि निमार्ता अविजीत मंडल हैं। प्रतीकात्मक शैली में बनाई जा रही यह फिल्म समाज के दबे हुए सच और अनसुने पक्षों को सामने लाने का प्रयास करेगी।

फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी कहानी साहित्यिक आधार पर टिकी है। यह फिल्म बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़का सिंहनपुरा गांव निवासी प्रसिद्ध साहित्यकार एवं सिनेमा चिंतक डॉ. अनुपम ओझा की चर्चित रचना ह्यमैं रावण नहीं हूंह्न से प्रेरित है। साहित्य जगत में इस रचना को महागाथा माना जाता है, क्योंकि इसमें रावण के दृष्टिकोण से एक वैकल्पिक पक्ष प्रस्तुत किया गया है। डॉ. अनुपम ओझा ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से सिनेमा विषय पर प्रारंभिक शोध कार्य किया है। उनकी रचना में रावण को केवल खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि सिद्धांतों, ज्ञान और तर्क रखने वाले पात्र के रूप में चित्रित किया गया है। यही कारण है कि यह कहानी पाठकों के बीच लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। महागाथा की मूल कथा पारंपरिक राम-रावण युद्ध की प्रचलित व्याख्या से हटकर रावण के अंतर्मन और उसके विचारों को स्वर देती है। इसमें रावण को अहंकारी राक्षस नहीं, बल्कि प्रकांड विद्वान, दार्शनिक और सामाजिक संरचनाओं पर प्रश्न उठाने वाले व्यक्तित्व के रूप में दशार्या गया है। रचना यह बताने का प्रयास करती है कि उसके निर्णयों और परिस्थितियों के पीछे भी ठोस कारण थे। यही वैचारिक गहराई अब बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। निर्देशक अभिनव ठाकुर इससे पहले भी सामाजिक विषयों पर आधारित फिल्मों के लिए पहचान बना चुके हैं। वे लौंडा नाच पर आधारित द लिपस्टिक बॉय तथा डायन प्रथा पर आधारित बिसाही जैसी चर्चित फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील विषयों को पर्दे पर उतारना उनकी विशेषता रही है। अब ह्यरावण स्पीक्सह्न के माध्यम से वे दर्शकों को ऐसी सिनेमाई यात्रा पर ले जाने की तैयारी में हैं, जो केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि नई सोच और वैचारिक मंथन का अवसर भी देगी।

## बिहार का मान बढ़ाएंगे डॉ. एस.के. वर्मा अभिनेत्री स्नेहा उलाल करेंगी सम्मानित



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर के प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. एस.के. वर्मा एक बार फिर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन करने जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें आगामी 26 अप्रैल 2026, रविवार को राजधानी पटना में आयोजित भव्य समारोह में बिहार डॉक्टर गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें श्रेष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान समारोह खास इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उलाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और अपने कर-कमलों से डॉ. वर्मा को सम्मानित करेंगी। इस खबर के सामने आते ही नया भोजपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और गर्व का माहौल है।डॉ. एस.के. वर्मा वर्षों से होम्योपैथी चिकित्सा के माध्यम से मरीजों की सेवा करते आ रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं में बांझपन संबंधी रोग, पुरुषों में शुक्राणु की कमी, नसों का दर्द, कमर दर्द, घुटनों का दर्द तथा कई जटिल रोगों का सफल उपचार कर उन्होंने हजारों मरीजों को राहत पहुंचाई है। उनकी सरलता, सटीक परामर्श और समर्पित सेवा भावना ने उन्हें लोगों के बीच विशेष पहचान दिलाई है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के बीच डॉ. वर्मा ने अपनी चिकित्सा सेवा से लोगों का भरोसा जीता है। दूर-दराज से मरीज उनके पास इलाज कराने पहुंचते हैं। कई ऐसे मरीज, जो लंबे समय से परेशान थे, उन्हें भी डॉ. वर्मा के उपचार से लाभ मिला है। सम्मान की घोषणा के बाद स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकताओं, मरीजों और बुद्धिजीवियों ने डॉ. वर्मा को बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। लोगों का कहना है कि यह सम्मान सिर्फ एक चिकित्सक का नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और विश्वास का सम्मान है।

## बिन पढ़े लौट जाते हैं बच्चें, शिक्षक बनाते है फर्जी हजारी

# रजौली का अनोखा विद्यालय जहां मिड-डे मील खिला स्कूल में लटक जाते है ताले

- ई-शिक्षा कोष ऐप के ऑनलाइन हाजिरी ने खोली पोल





**केटी न्यूज/नवादा**

बिहार की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार भले ही आयो दिन नए फरमान जारी कर रही हो, लेकिन नवादा जिले में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कुछ इसी तरह का मामला रजौली प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पसरैला में शिक्षकों की ऐसी मनमानी सामने आई है,जिसने पूरे महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिस विद्यालय की पढ़ाई बच्चों के भविष्य पर नहीं,बल्कि गुरुजी के मूड पर टिकी है। जहां जैसे-तैसे बच्चों के बीच मिड-डे मील का भोजन की खानापूर्ति कर स्कूल में ताला जड़ शिक्षक आराम फरमाने अपने घर को निकल जाते है।

**लटके तालों ने विद्यालय की खोली-पोल :** विद्यालय समीप सड़क पर सन्नाटा और स्कूल के गेट पर लटका यह ताला किसी रविवार की छुट्टी का नहीं, बल्कि एक भरे-पूरे कार्य दिवस का है। जो शुक्रवार के सुबह स्कूल तो खुला, लेकिन तैनात चार शिक्षकों में से केवल एक शिक्षिका ही ड्यूटी पर पहुंच रस्म अदायगी के लिए बच्चों को बुलाकर मिड-डे मील का खाना खिलाया गया। जैसे ही बच्चों ने खाना खत्म किया, उसने बच्चों के बीच 'ट्रेनिंग' का बहाना बना घर भेज दिया गया। साथ शिक्षकों ने खुद स्कूल में ताला जड़कर घर की राह पकड़ ली बच्चों का कहना है कि उन्हें जबरन छुट्टी देकर बाहर निकाल दिया गया।

**मोबाइल में शिक्षक मस्त-पढ़ाई ठप :** पढ़ाई को लेकर स्थानीय अभिभावकों व बच्चों ने जो आरोप लगाए हैं, वे और भी ज्यादा गंभीर हैं मोहल्ले वालों का कहना है कि स्कूल में रहने के दौरान भी शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बजाय अपने मोबाइल फोन में डूबे रहते हैं अगर कोई मासूम बच्चा अपनी जिज्ञासा लेकर शिक्षकों के पास जाता है या क्लास में शोर होता है,तो उसे समझाने के बजाय ऑफिस में कुर्सी पर बैठे-बैठे ही रहा जाते है, और शिक्षक के द्वारा बोला जाता है हम इतने सारे बच्चे को कैसे संभाल पाएंगे। और ऑफिस में ही ऑफिस का काम का कर बच्चों की पढ़ाई को बाधित कर दिया जाता है। इस मामले को लेकर इस संबंध में स्कूल के प्रधानाध्यापिका निशा सिन्हा से फोन के माध्यम से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मैं कुछ जरूरी काम से नवादा चला आया हूं। लेकिन स्कूल में एक शिक्षक के भरोसे मैं विद्यालय उनके ऊपर छोड़कर आया था लेकिन मुझे नहीं पता कि स्कूल में बच्चों की छुट्टी दी दी गई है।

### क्या कहते हैं बीईओ

रजौली प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षकों की इस मनमानी और लापरवाही की गूंज अब जिला प्रशासन के गलियारों तक पहुंच चुकी है उन्होंने कहा कि इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया जाएगा जैसे ही मामला उनके संज्ञान में आया,उन्होंने तुरंत पूरी रिपोर्ट तलब कर ली है शुरूआती जांच में दोषी पाए जाने पर विद्यालय के हेडमास्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# नवोदय विद्यालय में 10वीं के छात्र की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका




**एजेंसी। पटना**

जमुई जिले के नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को एक बेहद दुखद और चिंताजनक घटना सामने आई, जहां 10वीं कक्षा के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विद्यालय प्रशासन इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शहर के कचहरी चौक पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दिया।इस घटना से पूरे इलाके में शोक के साथ-साथ भारी आक्रोश का माहौल है। मृतक छात्र की पहचान बरहट थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी सरकारी शिक्षक तारकेश्वर प्रसाद के 14 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, छात्र को विद्यालय के बाथरूम से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और आनन-फानन में जमुई सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ सतीश सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच की जा रही है।विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार के अनुसार, आनंद छठी कक्षा से ही नवोदय विद्यालय में पढ़ाई कर रहा था और पढ़ाई में काफी मेधावी था। वर्ष 2025 में वह इंटरसिप के विशेष क्लास के लिए एक साल असम गया था और हाल ही में घर लौटने के बाद बीते रविवार को ही दोबारा विद्यालय आया था। वहीं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार ने बताया कि उन्होंने 1 अप्रैल 2026 को ही पदभार संभाला है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्र कुछ समय से अकेलापन महसूस कर रहा था और हाल ही में घर से लौटा था। उन्होंने आशंका जताई कि मानसिक या पारिवारिक दबाव भी एक कारण हो सकता है, हालांकि स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। इधर, परिजनों ने इस घटना को सिरे से खारिज करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के चाचा ओमप्रकाश कुमार ने कहा कि बाथरूम में पंखा नहीं होने के बावजूद आत्महत्या की बात समझ से परे है। उन्होंने दावा किया कि छात्र के शरीर पर मारपीट के निशान और सिर पर चोट के स्पष्ट संकेत हैं। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कचहरी चौक पर घंटों सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान प्रजापति समाज के प्रदेश सचिव शैलेश कुमार ने भी विद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि पिटाई के बाद की गई हत्या प्रतीत होती है। राजद जिला अध्यक्ष डॉ. त्रिवेणी यादव ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और डीएम नवीन से फोन पर बात कर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की। गौरतलब है कि हाल के दिनों में इसी विद्यालय से रैगिंग के मामले भी सामने आए थे। 28 मार्च को सीनियर छात्राओं द्वारा जूनियर छात्राओं के साथ कथित रैगिंग की घटना उजागर हुई थी, जिससे विद्यालय की व्यवस्था पर पहले ही सवाल उठ चुके हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में गुटबाजी, जातिवाद और अनुशासनहीनता की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं, लेकिन दूरस्थ क्षेत्र में स्थित होने के कारण मामले अक्सर दब जाते हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और निगरानी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एक नजर

### नंप दूसरे दिन भी चला बुलडोजर अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाहपुर।** आरा बक्सर रोड के दोनों साइड फूटपाथी दूकानदारो के अतिक्रमण से बनी जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए नगर प्रशासन के स्वाच्छता पदाधिकारी मंजीत अरोडा कर निरीक्षक बलवंत कुमार सहित नगर कर्मियो के नेतृत्व में चला बुलडोजर। जिला प्रशासन भोजपुर के निर्देश के आलोक में यह कारवाई की जा रही है। स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि जब तक अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता है। तब तक अभियान चलाया जाएगा। डीएम भोजपुर के सख्त निर्देश दिया है कि संडक के दोनों तरफ अतिक्रमण को सफाया करना है।ताकि आम लोगों को आवागमन करने में किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पडे। जो शाहपुर के संडको पर अक्सर जाम हो जाता है। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वाहन को कौन कहे पैदल चलने में कठिनाई होती थी। एक तरफ फूटपाथी दूकानदारों के समक्ष रोजी रोटी जुडा है।यह अभियान जारी रहेगा।

### बालू घाट वाहनों के अनियंत्रित परिचालन से लोगों में दुर्काघटना का भय

**सहार।** जनसुराज पार्टी के प्रांतीय नेता अधिवक्ता घनश्याम राय ने खैरा बाजार में पेरहाप गांव निवासी ग्रामीण डॉ. विवेकानंद राय के पुत्र हर्षित कुमार के सडक दुर्घटना में मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। साथ ही सहार में बढती सड़क दुर्घटना को महामारी की संज्ञा दी है। उन्होंने इस सड़क दुर्घटना में मौत के पीछे बालू घाट के संचालन और बालू वाहनों के अनियंत्रित रफ्तार में परिचालन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने जिला प्रशासन से सहार तथा खैरा चौक के साथ अन्य ट्रैफिक अनुकूल चिन्हित स्थलों पर सी सी टी भी कैमरा के साथ खैरा बाजार में इण्टीग्रीटी स्कूल के पास पुलिस चेक पोस्ट चालू करने की मांग की है । जनसुराज नेता घनश्याम राय ने मृतक के परिजनों को अविलंब उचित मुआवजा प्रदान करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया से की है।

### छात्र की मौत पर लोगों ने सड़क जाम कर किया बवाल, नहीं मिला मुआवजा

**सहार।** थाना क्षेत्र के खैरा बाजार में बीते शुक्रवार को पेरहाप गांव निवासी ग्रामीण मवेशी डाक्टर विवेकानंद राय के 18 वर्षीय पुत्र हर्षित कुमार की सडक दुर्घटना में मौत के बाद ग्रामीणों द्वारा लगभग 8 घंटे सडक जाम,तोडफोड के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार के बाद भी मृतक के परिजनों को सरकार की तरफ से फूटी कौड़ी भी मुहैया नहीं करायी गई। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि हर्षित कुमार अपनी बाइक से मां को लाने व कागजात के फोटो स्टेट कराने के लिए पेरहाप से खैरा बाजार जा रहे थे तभी डम्पर की चपेट आकर खैरा बाजार में हीं सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई और परिजनों में कोहराम मच गया । घटना की खबर सुनकर मानवीय संवेदना लिए जिला पार्षद प्रतिनिधि व जनसुराज के प्रांतीय नेता घनश्याम राय घटनास्थल पर पहुंच पुलिस टीम के साथ छानबीन में डटे रहे। पीरो डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पेरहाप गांव के तथाकथित कुछ नेताओं ने माहौल बिगाडने का काम किया और जिसका नतीजा निकला कि पीडित परिजनों और आंदोलनकारियों के लाख चिल्लाने के बाद भी पीडित परिवार को मुआवजा की फूटी कौड़ी तक नसीब नहीं हो पाई। इसके बाद छुटभैये नेता मैदान छोड़कर मुहं छिपाए फिर रहें हैं। इधर जिला पार्षद मीना कुमारी ने बयान जारी कर कहा है कि हर्षित कुमार के मौत की मुआवजा के लिए जिला परिषद में आवाज बुलंद करुंगी।

# भक्तों के जयघोष साथ महायज्ञ पूजन की निकली भव्य शोभायात्रा



**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर के काशी घाट स्थित श्री सूर्यनारायण मंदिर प्रांगण से शनिवार की सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गौ पूजन एवं भगवान श्रीगणेश स्वरूप गजानन की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भव्य धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ । विद्वान आचार्यो ने मुख्य यजमान सहित अन्य यजमानों से पूरे वैदिक विधान के अनुसार पूजा संपन्न कराई, जिससे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया। पूजन के उपरांत निकली भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, वृद्ध एवं बच्चे शामिल हुए। चिलचिलाती धूप के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। हाथों में ध्वज लिए श्रद्धालु भगवान भास्कर का जयघोष करते हुए श्री सूर्यनारायण एवं श्री लक्ष्मी नारायण भगवान के नाम का गुणगान करते रहे। जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। यह भव्य महामहोत्सव श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली गई,जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल हाथी, घोड़े, ऊंट,गाजे-बाजे एवं सुसज्जित रथ आयोजन की भव्यता को और बढ़ा रहे थे। साथ ही लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। अवसर पर श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आस्था,एकता और संस्कारों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्यनारायण की आराधना से जीवन में ऊर्जा, स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संचार होता है तथा सनातन परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान कर दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर विशेष रूप से जलपान की व्यवस्था की गई थी, जिससे लोगों को गर्मी के बीच राहत मिलती रही। आयोजन के दौरान बिक्रमगंज में हर ओर आस्था, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला तथा जयघोष से गूंजता एक भव्य धार्मिक उत्सव देखने को मिला।

# एलआईसी एजेंट की छत से गिर मौत, रेलिंग नही होने से घटी घटना



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के आरा रोड स्थित सिलौटा मोहल्ले में शुक्रवार की रात करीब एक बजें एक 55 वर्षीय एलआईसी एजेंट प्रभाकर द्विवेदी उर्फ लल्लू द्विवेदी की मौत छत से गिरने के कारण हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि डेढगांव निवासी प्रभाकर द्विवेदी सिलौटा में अपना मकान बनाकर रहते थे। शुक्रवार को छत पर सो रहे थे। लघुशंका महसूस होने पर उठे और अचानक छत से नीचे गिर गए। जिससे वे बुरी तरह से जख्मी हो गये । परिजन उन्हें इलाज के लिए एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस उसी रात निजी अस्पताल में पहुंच उस व्यक्ति की स्थिति का चिकित्सक से जायजा लेती रही। लेकिन गहरी चोट होने के कारण इलाज के क्रम में आखिरकार उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों में खासकर महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले गई। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। मृतक के चचेरे भाई दिवाकर द्विवेदी ने बताया कि रात में छत पर सो रहे थे । इसी क्रम में लघुशंका के लिए उठे और छत के अगले हिस्से में चले गए। उस भाग में रेलिंग नहीं होने के कारण नीचे गिर गए।

# खुशी : शिक्षक दंपति की बेटी वैष्णवी बनी डॉक्टर, भोजपुर जिले में खुशी की लहर



**केटी न्यूज/आरा**

किसी ने ठीक ही कहा है की लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती और कोशिश करते करने वालों की कभी हार नहीं होती इस कहावत को चरितार्थ किया है भोजपुर की बेटी डॉ. वैष्णवी शर्मा ने। मूल रूप से कोईलवर प्रखंड क्षेत्र के बाघ मझौआं निवासी शिक्षक राकेश कुमार शर्मा की पुत्री वैष्णवी ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता हासिल करते हुए डॉक्टर बनकर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैष्णवी के पिता राकेश कुमार शर्मा सहार प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुस्लिम टोला पेरहाप में बतौर शिक्षक के रूप में कार्यरत है। वही मां रंभा कुमारी प्रधान शिक्षिका के पद पर सहार के एनपीएस अंधारी टोला में कार्यरत है। वर्तमान में परिवार आरा शहर के नारायण कॉलोनी में रहता है। कहा जाता है कि जहां शिक्षा की अलख जल रही हो वहां सफलता भी गगन चूमती है। शिक्षक दंपति की पुत्री वैष्णवी की प्रारंभिक पढ़ाई आरा से हुई। जिसके बाद उसने छठी से इंटर तक की पढ़ाई बनारस से किया। तत्पश्चात नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज तिरुप्पुर से उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई किया। वैष्णवी के डॉक्टर बनने पर परिवार समेत गांव में खुशी का माहौल है। वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अपने नाना मुरारी शर्मा समेत गुरुजनों को दिया है। वैष्णवी ने कहा कि मेरे माता-पिता और नाना का सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी ताकत रही है। उनकी प्रेरणा से ही मैं इस मुकाम तक पहुंच पाई हूं। मैं चाहती हूं कि गांव और समाज के अन्य बच्चे भी शिक्षा को प्राथमिकता दें और अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयास करते रहें। उन्होंने सफलता के लिए मेहनत,धैर्य और परिवार का सहयोग होना जरूरी बताया। कहा कि ईमानदारी से किया गया प्रयास हमेशा सफल होता है। बताया कि पीडियाट्रिशियन बनकर बच्चों की सेवा करने का उनका लक्ष्य है। वैष्णवी के चिकित्सक बनने पर शिक्षक नेता सा समाज सेवी मुरारी शर्मा पेरहाप पंचायत पूर्व मुखिया सतीश शर्मा दादा रामबचन शर्मा डॉक्टर मधुसूदन शर्मा चक्रपाणि शर्मा गौरीशंकर शर्मा प्रोफेसर डॉ आशा रानी समेत अन्य समाजसेवियों ने बधाई दी है।

# पटना में जंबोटेल का नया फुलफिलमेंट सेंटर शुरू पूर्वी भारत के किराना कारोबार को मिलेगा बल




**एजेंसी। पटना**

देश के उभरते न्यू रिटेल प्लेटफॉर्म जंबोटेल ने पटना में अपने नए फुलफिलमेंट सेंटर ह्यमगध एफसीह्न की शुरूआत की है। यह केंद्र मुख्य रूप से पूर्वी भारत, खासकर बिहार, झारखंड और ओडिशा के किराना स्टोरों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। कंपनी का उद्देश्य पारंपरिक खुदरा व्यापार को आधुनिक तकनीक से जोड़कर छोटे दुकानदारों को प्रतिस्पर्धी बाजार में मजबूती प्रदान करना है। इस फुलफिलमेंट सेंटर के माध्यम से स्थानीय खुदरा विक्रेताओं को डिजिटल ऑर्डरिंग, आसान क्रेडिट सुविधा और 24 घंटे के भीतर डिलीवरी जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे छोटे दुकानदारों को न केवल अपने स्टॉक प्रबंधन में आसानी होगी, बल्कि उनके नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) को भी बेहतर करने में मदद मिलेगी। जानकारों का मानना है कि इस तरह की सुविधाएं किराना दुकानों को बड़े रिटेल चेन के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक साबित होंगी। कंपनी ने हाल के वर्षों में ह्लख24ह्व स्टोर नेटवर्क के जरिए पारंपरिक दुकानों को ओमनीचैनल कन्वीनियंस स्टोर में बदलने की दिशा में काम किया है। वर्ष 2025 में यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल करने के बाद जंबोटेल ने अपने विस्तार को तेज किया है और पटना में इस सेंटर की शुरूआत उसी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। यह पहल पूर्वी भारत में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति और बाजार की संभावनाओं को दशार्ती है। इस अवसर पर जंबोटेल के मुख्य परिचालन अधिकारी (उडड) आशीष झीना ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य देश के हर कोने में किराना इकोसिस्टम को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। उनके अनुसार, पटना स्थित यह केंद्र क्षेत्र के 10,000 से अधिक रिटेलर्स को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाएगा और उन्हें आधुनिक रिटेल प्रणाली से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कंपनी के अनुसार, जंबोटेल अपने फुल-स्टैक इ2इ मार्केटप्लेस, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और फिनटेक प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में 2.5 लाख से अधिक किराना दुकानों को सेवाएं प्रदान कर रही है। इस मॉडल के माध्यम से छोटे व्यापारियों को थोक खरीद, आसान वित्तीय सहायता और समय पर आपूर्ति जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल रही हैं।

### आज : सासाराम में नई लाइन बनाने को लेकर विद्युत फीडर आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम।** विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं निर्बाध बनाने के लिए 11 केवी लाइन स्ट्रिंगिंग का कार्य हुआ जारी। जो विद्युत शक्ति उपकेंद्र बेदा से निकलने वाले 11 केवी मिनी फीडर सासाराम को आवश्यक तकनीकी कार्य संपन्न करने के लिए अस्थायी रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित की जाएगी। बताया जाता है कि डीएम कार्यालय का नया लाइन बनने हेतु 26 अप्रैल रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समयावधि के दौरान संबंधित फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता सासाराम,शहरी क्षेत्र के रंजन कुमार ने बताया कि यह लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य भविष्य में बेहतर वोल्टेज, कम ट्रिपिंग तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा और बिजली व्यवस्था अधिक विश्वसनीय बनेगी। विद्युत विभाग द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी टीमों को समयबद्ध एवं सुरक्षित तरीके से कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शटडाउन की अवधि को न्यूनतम रखा जा सके और आम उपभोक्ताओं को कम से कम असुविधा हो। विद्युत विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान सहयोग प्रदान करें तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। विभाग द्वारा असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया है कि यह कार्य जनहित में किया जा रहा है और भविष्य में बेहतर सेवा प्रदान करने में सहायक होगा।

# सीएम सम्राट चौधरी का मुंगेर दौरा आज, ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव, कई रूट डायवर्ट

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 26 अप्रैल को अपने गृह जिला मुंगेर के दौरे पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और यातायात विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है और व्यापक तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में कई अहम बदलाव किए गए हैं। विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके। यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ कई प्रमुख चेकपोस्टों पर भारी और व्यवसायिक वाहनों के परिचालन पर अस्थायी रोक



लगाई गई है। जानकारी के अनुसार, गंगटा चेकपोस्ट, संग्रामपुर-बेलहर चेकपोस्ट, शहकुंड-असरगंज चेकपोस्ट, घोरघट और बरियारपुर तीन बटिया सहित अन्य स्थानों पर 25 अप्रैल की रात 12 बजे से लेकर 26 अप्रैल की शाम तक भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। मुंगेर के तारापुर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रस्तावित एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है तारापुर सिंचाई परिसर में भव्य पंडाल और होर्डिंग लगाया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का अभिनंदन और संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसको लेकर इलाके में उत्साह का माहौल है। मुंगेर जिले के तारापुर अनुमंडल में 26 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के एक दिवसीय दौरे को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। प्रशासनिक स्तर पर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है और अधिकारियों की टीम लगातार स्थल निरीक्षण कर रही है। इस दौरे को लेकर इलाके में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। क्यों कि बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी पहली बार अपना गृह जिला मुंगेर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सबसे पहले असरगंज प्रखंड के अमिया बैजलपुर में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्लमन की बातह्व को हजारों ग्रामीणों के साथ सामूहिक रूप से सुनेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से ढोल पहाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे लगभग 12.49 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इको टूरिज्म हब का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री तारापुर प्रखंड के सिंचाई परिसर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में वे आम जनता और कार्यकताओं की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर बड़े पैमाने पर पंडाल, मंच और होर्डिंग लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। वही मुंगेर भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण पोद्दार और विधायक कुमार प्रणय ने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी का यह पहला गृह जिला दौरा है, जिससे पूरे जिले में उत्सव जैसा माहौल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और कार्यकताओं में भारी उत्साह है। कुल मिलाकर, यह दौरा न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विकास योजनाओं और जन संवाद के माध्यम से जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में भी एक अहम कदम माना जा रहा है।

# सुपौल में बदला मौसम का मिजाज तेज आंधी बारिश के साथ गिरे ओले

**एजेंसी। पटना**

बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू से लोग परेशान हैं। इस चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। गर्म हवा चलने के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बिना छाता और गमछा के लोग बाहर नहीं निकल रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच सुपौल में अचानक मौसम का मिजाज बदला है। यहां तेज आंधी बारिश के साथ ओले गिरने से मौसम सुहाना हो गया है। जिससे सुपौल के लोगों ने राहत की सांस ली है। सुपौल के सरायगढ़ में 100-250 ग्राम वजन तक के ओले गिरे। वही मुजफ्फरपुर और अररिया में भी मौसम अचानक बदला हैं यहां भी तेज हवा चल रही है। बारिश की संभावना जतायी जा रही है। वही राजधानी पटना की बात करें तो यहां के लोग भीषण गर्मी झेलने को मजबूर है। पटना में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री तो वही रोहतास में 44त्ड पहुंच गया है। रोहतास में 5 साल का रिकॉर्ड टूट गय है। वही खगड़िया की गर्मी को देखते हुए स्कूल के हेडमास्टर ने छात्रों के बीच छतरी का वितरण किया। जिसे पाकर बच्चे काफी खूश दिखे।

## पुनौराधाम में सीएम सम्राट चौधरी ने की पूजा, कहा

# 2028 तक बनकर तैयार होगा मां जानकी का भव्य मंदिर




**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सीतामढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने माता सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम के जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सीताकुंड में जल अर्पित कर आरती उतारी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी महोत्सव का विधिवत शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मां जानकी के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि 31 दिसंबर 2028 तक मां सीता के मंदिर का निर्माण हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंदिर निर्माण की समय सीमा को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने जून 2029 तक काम पूरा होने की बात कही थी, लेकिन हमने निर्देश दिया है कि 31 दिसंबर 2028 तक मां सीता के मंदिर का निर्माण हर हाल में पूरा कर लिया जाए। सम्राट चौधरी ने भावुक होते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में मां का आशीर्वाद लेना उनके लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के सीता पुरम बनाने के सपने को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। मां जानकी से जुड़े सभी स्थलों को एक सर्किट के रूप में जोड़ा जाएगा। साथ ही, जिले में एक विशाल मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसका नामकरण भी माता सीता के नाम पर ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बात की चर्चा एक दिवसीय सत्र के दौरान भी कही थी, जब बिहार सरकार का फ्लोर टेस्ट था। फ्लोर टेस्ट के दौरान उन्होंने इस बात को दुहराया था और कहा था हमारे अभिभावक नीतीश कुमार का यह सपना था जिसे हमलोग पूरा करेंगे।

### सीतामढ़ी बनेगा सीता पुरम

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के सीता पुरम बनाने के सपने को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। मां जानकी से जुड़े सभी स्थलों को एक सर्किट के रूप में जोड़ा जाएगा। साथ ही, जिले में एक विशाल मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसका नामकरण भी माता सीता के नाम पर ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बात की चर्चा एक दिवसीय सत्र के दौरान भी कही थी, जब बिहार सरकार का फ्लोर टेस्ट था। फ्लोर टेस्ट के दौरान उन्होंने इस बात को दुहराया था और कहा था हमारे अभिभावक नीतीश कुमार का यह सपना था जिसे हमलोग पूरा करेंगे।

# शराबबंदी की आड़ में वसूली का खेल बेनकाब : जमुई में दो एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में 10 साल से शराबबंदी लागू है। इस कानून की आड़ में कुछ पुलिसवाले गाढ़ी कमाई कर रहे हैं। पुलिस कर्मियों के अवैध वसूली के एक बड़े खेल का खुलासा जमुई में किया गया। इस मामले में उत्पाद विभाग के दो सहायक अवर निरीक्षक (अरक) और दो होमगार्ड जवान को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले ने कानून व्यवस्था और शराबबंदी की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, 23 अप्रैल की देर शाम पिंटू कुमार नामक व्यक्ति ने जमुई थाना में एक लिखित आवेदन देकर अपने बड़े भाई संतोष कुमार के अपहरण और फिरौती की मांग की सूचना दी। इस आधार पर थाना में कांड संख्या 193/2026 दर्ज किया गया। आवेदन में बताया गया कि संतोष कुमार दोपहर करीब 1 बजे अपनी क्रेटा कार से घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे।शाम करीब 7:30 बजे संतोष कुमार ने अपने मोबाइल से फोन कर बताया कि उनका अपहरण कर लिया गया है और उन्हें छोड़ने के लिए 5 लाख की फिरौती मांगी जा रही है। इस सूचना के बाद घबराए परिजनों ने तुरंत पहल करते हुए 2 लाख की व्यवस्था की और नवादा की ओर रवाना हुए। पीड़ित के परिजनों के अनुसार, नवादा पहुंचने पर पकरीबरावाँ उत्पाद थाना में उनसे




संपर्क किया गया, जहां क्रेटा गाड़ी छोड़ने के एवज में1.5 लाख की मांग की गई। मजबूरी में परिजनों ने उक्त राशि दे दी। बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इस पूरे मामले में पकरीबरावाँ उत्पाद थाना के दो अरक सुजीत कुमार, अरक दिलीप कुमार, और दो गृह रक्षक रविंद्र कुमार,गृह रक्षक गुलशन कुमार शामिल थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही फिरौती के रूप में वसूले गए 1.5 लाख को एएसआई दिलीप कुमार के घर से बरामद कर लिया गया। अपहत संतोष कुमार को सुरक्षित बरामद करते हुए उनकी क्रेटा कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है। इस घटना ने यह साफ कर दिया है कि शराबबंदी कानून की आड़ में कुछ अधिकारी अवैध वसूली का खेल खेल रहे हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। अब देखना यह है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल पाए जाते हैं तथा प्रशासन कितनी सख्ती से कार्रवाई करता है।

# बिहार में अब शादी-विवाह के लिए भी बुक होंगी सरकारी बसें, कम किराए में मिलेगी बेहतर सुविधा

**एजेंसी। पटना**

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने आम लोगों को बड़ी सुविधा देते हुए अपनी बसों की बुकिंग को निजी उपयोग के लिए भी खोल दिया है। अब लोग शादी-विवाह, पारिवारिक कार्यक्रम, धार्मिक यात्रा और अन्य निजी कार्यों के लिए भी निगम की बसें बुक कर सकेंगे। इस फैसले से जहां आम लोगों को निजी बसों के मुकाबले कम किराए पर सुविधा मिलेगी, वहीं निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। अब तक निगम की बसें मुख्य रूप से सरकारी कार्यों, विभागीय कार्यक्रमों और सरकारी स्कूलों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए ही उपलब्ध होती थीं। लेकिन मुख्यालय से जारी नए निर्देश के बाद आम नागरिक भी अपनी जरूरत के अनुसार इन बसों की




बुकिंग करा सकेंगे। निगम ने 240 किलोमीटर तक की दूरी के लिए अलग-अलग श्रेणी की बसों का किराया तय किया है। इसके अनुसार 22 सीट वाली बस के लिए 7,700 रुपये, 32 सीट वाली बस के लिए 11,200 रुपये और 42 सीट वाली बस के लिए 17,200 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। यदि यात्रा 240 किलोमीटर से अधिक होगी, तो अतिरिक्त दूरी के लिए अलग से शुल्क लिया जाएगा। भागलपुर पथ परिवहन निगम के अनुसार, यह सुविधा निजी बसों की तुलना में कम दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। निगम का मानना है कि इस नई व्यवस्था से लोगों को सस्ती और विश्वसनीय परिवहन सुविधा मिलेगी, साथ ही निगम की आय में भी इजाफा होगा।

# समोसे के लिए घर छोड़कर भागा 14 साल का बच्चा : 20 रुपये की जिद बनी बड़ी मुसीबत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के बगहा जिले से एक 14 वर्षीय बच्चे की ऐसी कहानी सामने आई है, जिसे सुनकर हर कोई दंग रह गया। बच्चे की जुबानी उसकी पूरी कहानी सुनकर बगहा एसपी भी हैरान रह गईं। इस बच्चे की कहानी में मासूमियत भी है और जिद भी। आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि मात्र 20 रुपये के लिए इस मासूम बच्चे ने क्या-क्या कदम उठा लिए। सिर्फ 20 रुपये की वजह से पूरा परिवार और बगहा पुलिस सकते में आ गई, और 8 दिनों तक पुलिस की नींद उड़ गई। इस पूरे मामले की शुरूआत केवल 20 रुपये से हुई। बच्चा समोसा खाना चाहता था और उसने अपनी मां से 20 रुपये मांगे। लेकिन उस समय मां ने पैसे देने से मना कर दिया।बच्चा इस बात से बहुत नाराज हो गया। उसकी उम्र कम थी, समझ भी कम थी, इसलिए उसने गुस्से में गलत फैसला ले लिया। उसने सोचा कि जब उसकी बात नहीं मानी जा रही, तो वह घर छोड़ देगा।यही छोटी सी जिद पूरे परिवार के लिए बड़ी मुसीबत बन गई। गुस्से में बच्चे ने चुपचाप अपनी मां के पर्स से 500 रुपये निकाल लिए। उसने सोचा कि इन पैसों से वह बाहर रह सकेगा और अपनी जरूरतें पूरी कर लेगा,बिना किसी को बताए वह घर से निकल गया। बाद में जब पुलिस ने उसे बरामद किया और प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने उससे बात की, तो बच्चे ने खुद स्वीकार किया की मम्मी के पर्स से 500 रुपये निकाले थे।बच्चे की यह बात सुनकर सभी हैरान रह गए। एक छोटी सी नाराजगी ने उसे चोरी जैसे गलत कदम तक पहुंचा दिया। यही कारण है कि पुलिस ने इस मामले को केवल बरामदगी नहीं, बल्कि बच्चों को सीख देने वाला मामला बताया।

# बिहार में गेहूं खरीद का लक्ष्य 10 गुना बढ़ा केंद्र सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के गेहूं उत्पादक किसानों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार ने राज्य में गेहूं खरीद का लक्ष्य दस गुना बढ़ाकर 1.80 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। पहले यह लक्ष्य केवल 18 हजार एमटी था। नए लक्ष्य के तहत सहकारिता विभाग को 1.30 लाख एमटी और एफसीआई को 50 हजार एमटी गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे राज्य के हजारों किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी फसल बेचने का मौका मिलेगा। राज्य में 1 अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू हो चुकी है, जो 15 जून तक चलेगी। शुरूआती 24 दिनों में पैक्स, व्यापार मंडलों और एफसीआई ने मिलकर करीब 17,500 एमटी गेहूं की खरीद की थी। सीमित लक्ष्य के कारण केवल लगभग 3,800 किसान ही एमएसपी का लाभ



उठा पाए थे, जिससे किसानों में चिंता बढ़ गई थी। किसान संगठनों, पैक्सों और व्यापार मंडलों की मांग के बाद लक्ष्य में यह बढ़ोतरी की गई है। राज्य में कुल 4,645 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 4,514 केंद्र पैक्सों और व्यापार मंडलों के हैं, जबकि 131 केंद्र एफसीआई के हैं। इन केंद्रों पर किसानों को प्रति क्विंटल 2,585 रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा। सहकारिता विभाग ने निर्देश दिया है कि खरीद के 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान सुनिश्चित किया जाए। लक्ष्य बढ़ने के बाद खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी जिलों के लिए नए सिरे से लक्ष्य तय कर दिए हैं। इससे पैक्स और व्यापार मंडलों को भी राहत मिली है। वर्तमान में बाजार में गेहूं की कीमत 2,200 से 2,400 रुपये प्रति क्विंटल के बीच है, जो एमएसपी (2,575 रुपये) से कम है। ऐसे में पहले पैक्सों पर खरीद का दबाव था और कई किसान गेहूं बेचने से हिचक रहे थे। अब लक्ष्य बढ़ने से खरीद प्रक्रिया में तेजी आने और किसानों को बेहतर लाभ मिलने की उम्मीद है।

## मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

# दक्षिण बिहार के पांच जिलों में हॉट डे का अलर्ट, तापमान 44°C तक पहुंचने की संभावना

**एजेंसी। पटना**

मौसम विज्ञान केंद्र ने दक्षिण बिहार के पांच जिलों में आज ह्यहॉट डेह्न को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि लू जैसी स्थिति नहीं रहेगी, लेकिन तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी परेशानी होगी। दूसरी ओर, उत्तर बिहार के कुछ इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है, फिर भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। पिछले 24 घंटों में रोहतास जिला सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पटना में तापमान



40.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस साल अप्रैल में गर्मी ने पिछले पांच वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो बीते पांच सालों में सबसे अधिक है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में कई मौसमी प्रणालियां सक्रिय हैं, जिनका असर बिहार के मौसम पर पड़ रहा है। बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर लगभग 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ही, पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में बना चक्रवाती परिसंचरण भी इस प्रणाली से जुड़ गया है। इसके अलावा, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के ऊपर लगभग 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 80 से 90 नॉट्स की रफ्तार से पछुआ हवाएं चल रही हैं। इन परिस्थितियों के कारण उत्तर बिहार में बादल बन रहे हैं, जबकि दक्षिण बिहार में गर्मी अधिक महसूस की जा रही है। पटना में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में पटना का मौसम साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पछुआ गर्म हवाओं के कारण दिन में अधिक गर्मी महसूस होगी और दोपहर में लू जैसी स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, हॉट डे तब माना जाता है जब अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक हो और पूरे दिन असहज गर्मी बनी रहे। इसमें तेज धूप और गर्म वातावरण होता है, लेकिन लू चलना जरूरी नहीं है। वहीं, ह्यहीट वेवह्न तब घोषित की जाती है जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाए, या 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर लगातार बना रहे। हीट वेव के दौरान लू, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा काफी बढ़ जाता है।

# पटना-गया रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन और ऑटो में टक्कर जहानाबाद के सेवनन हॉल्ट पर टला बड़ा हादसा

**एजेंसी। पटना**

पटना-गया रेलखंड पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जहानाबाद जिले के सेवनन हॉल्ट के पास गया से पटना की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन की टक्कर एक ऑटो से हो गई। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर के लिए ट्रेन परिचालन भी बाधित हो गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब ऑटो चालक अवैध रेलवे क्रॉसिंग से ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रेन को देखकर वह ऑटो छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक शराब के नशे में था, जिसके कारण उसने लापरवाही दिखाई। घटना के बाद ट्रेन कुछ समय तक घटनास्थल पर ही खड़ी रही। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो को ट्रैक से हटाया गया, जिसके बाद रेल परिचालन सामान्य हो सका। सूचना मिलने पर जहानाबाद रेल थाना की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सेवनन हॉल्ट के पास इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सावधानी नहीं बरती गई, तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।